दिन– शुक्रवार

दिनांक– 03 / 04 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 07.30 बजे से।

अवधिः– 15 मिनट

---

01. उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन कल मोतिहारी स्थित महात्मा गांधी केन्द्रीय विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में होंगे शामिल।

02 केन्द्र सरकार ने राज्यों को एलपीजी और अन्य पेट्रोलियम उत्पादों की जमाखोरी और कालाबाजारी रोकने के लिए आवश्यक कार्रवाई करने का दिया निर्देश।

03. पूर्वी चंपारण जिले में जहरीली शराब पीने से चार लोगों की मौत। मामले के मुख्य आरोपी समेत सात गिरफ्तार।

04. और, आज गुड फ्राइडे है। गिरिजाघरों में हो रहा है विशेष प्रार्थना सभाओं का आयोजन।

---

उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन कल एक दिवसीय बिहार दौरे पर आ रहे हैं। श्री राधाकृष्णन मोतिहारी स्थित महात्मा गांधी केन्द्रीय विश्वविद्यालय के तीसरे दीक्षांत समारोह में शामिल होंगे। विश्वविद्यालय के कुलपति संजय श्रीवास्तव ने बताया कि उपराष्ट्रपति दीक्षांत समारोह को संबोधित करेंगे और छात्रों के बीच उपाधि तथा डिग्री का वितरण करेंगे। साथ ही विभिन्न संकायों के टॉपर छात्रों को स्वर्ण पदक प्रदान करेंगे। उन्होंने बताया कि समारोह में राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश, राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल सेवानिवृत सैयद अता हसनैन, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और स्थानीय सांसद राधामोहन सिंह भी शामिल होंगे। मोतिहारी के बाद उपराष्ट्रपति पश्चिम चंपारण के गौनाहा प्रखंड के भितिहरवा गांधी आश्रम में जायेंगे। श्री राधाकृष्णन राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। जिलाधिकारी तरनजोत सिंह ने बताया कि उपराष्ट्रपति के आगमन को लेकर सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किये गए हैं।

———बाइट———

---

केन्द्र सरकार ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से एलपीजी और अन्य पेट्रोलियम उत्पादों की जमाखोरी और कालाबाजारी रोकने के लिए आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के सचिव डॉ. नीरज मित्तल ने इस संबंध में राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को पत्र लिखा है। पत्र में राज्यों को जमाखोरी, हेराफेरी और घबराहट पैदा करने वाली गलत सूचनाओं के प्रसार पर कड़ी निगरानी रखने की भी सलाह दी गई है। मंत्रालय ने कहा कि सभी रिफाइनरियां उच्च क्षमता पर काम कर रही हैं और पेट्रोल और डीजल का पर्याप्त स्टॉक मौजूद है।

इधर, इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन ने कहा है कि पश्चिम एशिया संघर्ष के वैश्विक ऊर्जा बाजारों पर प्रभाव के बावजूद भारत में एलपीजी की आपूर्ति  पर्याप्त बनी हुई है। वर्तमान में प्रतिदिन लगभग अट्ठाईस लाख एलपीजी सिलेंडर का वितरण किया जा रहा है। यह मौजूदा भू–राजनीतिक तनावों के शुरू होने से पहले के सामान्य स्तरों के अनुरूप है। कंपनी ने कहा कि कालाबाजारी और जमाखोरी पर अंकुश लगाने के लिए कई धावा टीमों की तैनाती की गई है। अब तक एक सौ इकतालीस एलपीजी वितरकों के खिलाफ कार्रवाई की जा चुकी है।

---

शिक्षा मंत्रालय ने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग–यू.जी.सी. की सलाह पर राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद–एन.सी.ई.आर.टी. को एक अलग श्रेणी के अंतर्गत मानित विश्वविद्यालय घोषित किया है। मंत्रालय ने एन.सी.ई.आर.टी. को अनुसंधान कार्यक्रमों और डॉक्टरेट तथा नवाचारी शैक्षणिक कार्यक्रम शुरू करने के भी निर्देश दिए हैं।

---

पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह ने कहा है कि वित्तीय वर्ष 2025–26 में 45 जोड़ी नई ट्रेनों का परिचालन शुरू किया गया। वित्तीय वर्ष की उपलब्धियों की जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि इनमें सत्रह जोड़ी अमृत भारत ट्रेन दो वंदे भारत और एक नमो भारत रैपिड रेल शामिल हैं। इसके अलावा मेघालय से दिल्ली के बीच राजधानी एक्सप्रेस की भी शुरुआत की गई है।

———बाइट———

---

इधर, कटिहार रेलमंडल ने पिछले वित्तीय वर्ष में नौ सौ दस करोड़ रूपये राजस्व संग्रह किया। मंडल रेल प्रबंधक कीरेन्द्र नाराह ने बताया कि पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे में कटिहार रेल मंडल ने सबसे अधिक राजस्व संग्रह किया। उन्होंने बताया कि पिछले वित्तीय वर्ष में कटिहार रेल मंडल ने आठ नई रेलगाड़ियों का परिचालन भी शुरू किया है।

---

उपमुख्यमंत्री सह राजस्व और भूमि सुधार मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा है कि हड़ताली कर्मचारियों पर नियमानुसार कार्रवाई की जायेगी। श्री सिन्हा आज पटना में अपने आवास पर आयोजित जन संवाद कार्यक्रम के बाद पत्रकारो से बातचीत कर रहे थे।

———बाइट———

---

पूर्वी चंपारण जिले के तुरकौलिया और रघुनाथपुर थाना क्षेत्रों में जहरीली शराब पीने से चार लोगों की मौत हो गई। छह लोगों का अभी इलाज चल रहा है जबकि सात अन्य को इलाज के बाद छुट्टी दे दी गई है। चंपारण प्रक्षेत्र के पुलिस उपमहानिरीक्षक हरकिशोर राय ने शराब पीने से मौत की पुष्टि की। उन्होंने बताया कि इस मामले में मुख्य आरोपियों समेत सात लोगों की गिरफ्तारी हो चुकी है।

———बाइट———

इधर, पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात ने बताया कि कर्तव्यहीनता के आरोप में तुरकौलिया थानाध्यक्ष उमाशंकर मांझी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। साथ ही परसौना पंचायत के चौकीदार को भी हिरासत में लिया गया है। उन्होंने बताया कि मामले की जांच के लिए सदर एसडीपीओ के नेतृत्व में एसआईटी का गठन किया गया है।

---

विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव ने पूर्वी चंपारण जिले में जहरीली शराब के कारण चार लोगों की मौत पर दुख जताया है। उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि यह घटना एनडीए सरकार की शराबबंदी कानून की विफलताओं को उजागर करती है। इस बीच केन्द्रीय मंत्री जीतनराम मांझी ने इस हादसे पर गहरी चिंता जताते हुए कहा कि राज्य में शराबबंदी कानून का सही तरीके से पालन नहीं हो रहा है।

———बाइट———

केन्द्रीय मंत्री चिराग पासवान ने भी शराब पीने से हुई मौत पर दुख जताते हुए कहा कि बिहार में शराबबंदी के नाम पर अवैध कारोबार फल—फूल रहा है।

———बाइट———

---

आज गुड फ्राइडे है। प्रभु ईसा मसीह को सलीब पर चढ़ाए जाने की याद में यह दिन मनाया जाता है। इसी दिन प्रभु यीशु ने मानवता को पापों से मुक्ति दिलाने के लिए अपने जीवन का बलिदान किया था। प्रभु यीशु के पुनर्जीवित होने के उपलक्ष्य में रविवार से ईस्टर समारोह शुरू हो जायेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुड फ्राइडे के अवसर पर ईसा मसीह के बलिदान को याद करते हुए कहा कि यह दिन लोगों को करुणा, क्षमा और सेवा के आदर्शों का पालन करने के लिए प्रेरित करता है। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल— सेवानिवृत्त सैयद अता हसनैन, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और विधानसभा अध्यक्ष प्रेम कुमार ने गुड फ्राइडे पर प्रभु यीशु के बलिदान को याद किया। इधर, इस अवसर पर राजधानी पटना सहित पूरे प्रदेश के गिरजाघरों में विशेष प्रार्थना सभाओं का आयोजन किया जा रहा है।

---

प्रदेश के दक्षिणी हिस्सों गया, जहानाबाद, औरंगाबाद, नालंदा और शेखपुरा में कई जगहों पर आज तेज हवा के साथ हल्की से मध्यम बारिश हुई है। गया में कुछ स्थानों पर भारी बारिश दर्ज की गई। मौसम विभाग ने कहा है कि कल राज्य के दक्षिण–पश्चिम और दक्षिण–मध्य भागों में हल्की बारिश की संभावना है। इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान राज्य के अधिकतर हिस्सों में अधिकतम तापमान में एक से तीन डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी दर्ज की गई। आज चालीस डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ रोहतास का डेहरी राज्य का सबसे गर्म स्थान रहा।

---

निगरानी जांच ब्यूरो की टीम ने बेगूसराय जिले के मंसूरचक के प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी शैलेन्द्र कुमार और डीलर विद्यासागर को बारह हजार रुपये रिश्वत लेते हुये गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार दोनों आरोपी शिकायतकर्ता से पीडीएस लाइसेंस के नवीकरण और अनाज उठाव के लिए घूस ले रहा था।

---

राजद सांसद सुधाकर सिंह ने भागलपुर के सबौर स्थित बिहार कृषि विश्वविद्यालय में हुई नियुक्तियों में अनियमितता के आरोप लगाये। श्री सिंह ने आज पटना में प्रेस वार्ता में कहा कि विश्वविद्यालय प्रशासन ने नियमों की अनदेखी कर चयन प्रक्रिया को प्रभावित किया है। साथ ही वित्तीय गड़बड़ियां भी की। श्री सिंह ने इस मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है।

---

दरभंगा शहर के गांधी चौक पास स्थित आभूषण की दुकान से अपराधियों ने लाखों रुपए के आभूषण और नकद लूट लिए। पुलिस ने बताया कि चार अपराधियों ने हथियार के बल पर घटना को अंजाम दिया। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

---

मुंगेर जिले के हेमजापुर थाना क्षेत्र अंतर्गत लगमा बहियार में शॉर्ट सर्किट के कारण आग लग जाने से दस बीघा खेत में लगी गेहूं की फसल जलकर नष्ट हो गई।

---

पटना हवाई अड्डे पर सुरक्षा जांच के दौरान एक व्यक्ति को तीन कारतूस के साथ हिरासत में लिया गया है। सुरक्षा एजेंसियों ने उसे हिरासत में लेकर पुलिस को सौंप दिया।

---

किशनगंज जिले के टेढा गाछ थाना क्षेत्र में स्थित एक किराना दुकान में पुलिस ने छापेमारी कर अवैध रूप से आधार कार्ड बनाने वाले गिरोह का पर्दाफाश किया है। इस मामले में एक व्यक्ति की गिरफ्तारी भी हुई है।

---

पूर्व मध्य रेलवे ने सहरसा से जमालपुर के बीच नई मेमू ट्रेन चलाने का फैसला किया है। इस ट्रेन का परिचालन सात अप्रैल से शुरू होगा।

---

सीवान जिले के मैरवा प्रखंड की श्रुति कुमारी को भारतीय अंडर–20 महिला फुटबॉल टीम में जगह मिली है। वे थाईलैंड में आयोजित एशियन फुटबॉल कन्फेडरेशन अंडर–20 महिला एशिया कप  में देश का प्रतिनिधित्व करेंगी।

---

01. उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन कल मोतिहारी स्थित महात्मा गांधी केन्द्रीय विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में होंगे शामिल।

02 केन्द्र सरकार ने राज्यों को एलपीजी और अन्य पेट्रोलियम उत्पादों की जमाखोरी और कालाबाजारी रोकने के लिए आवश्यक कार्रवाई करने का दिया निर्देश।

03. पूर्वी चंपारण जिले में जहरीली शराब पीने से चार लोगों की मौत। मामले के मुख्य आरोपी समेत सात गिरफ्तार।

04. और, आज गुड फ्राइडे है। गिरजाघरों में हो रहा है विशेष प्रार्थना सभाओं का आयोजन।

---

समाप्त